https://www.facebook.com/palpalrajasthannews/ instagram.com/palpalrajasthannews https://www.youtube.com/@PalpalRajasthan/ palpalrajasthan8@gmail.com

प्रदेश का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

# पल पल राजस्थान

वर्ष : 4 | अंक : 76 | RAJHIN/2021/81855 | उदयपुर, शनिवार, 26 अप्रैल 2025 | कुल पृष्ठ : 4 | मूल्य : 5 रु. | हर पल की खबर

ANANTA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES & RESEARCH CENTRE
एक विश्वास बेहतर जिन्दगी का
ANANTA HOSPITAL

## सार संक्षेप

### राष्ट्रपति मुर्मु पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में होंगी शामिल



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शुक्रवार को केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू के साथ पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए वेटिकन सिटी रवाना हुईं। प्रतिनिधिमंडल में अल्पसंख्यक मामलों और मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन व गोवा विधानसभा के उपाध्यक्ष जोशुआ डी सूजा भी शामिल हैं।

### इसरो के पूर्व अध्यक्ष के. कस्तूरीरंगन का 84 वर्ष की उम्र में निधन



**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष , पूर्व सांसद एवं प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरीरंगन का शुक्रवार का बेंगलुरु में निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। डॉ. कस्तूरीरंगन का निधन शुक्रवार सुबह 10:43 बजे हुआ। उनका पार्थिव शरीर 27 अप्रैल को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आरआरआई में जनता के दर्शन के लिए रखा जाएगा।

### एलआईसी ने पीड़ितों के लिए रियायतों की घोषणा की

**मुंबई।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में लोगों की हुई मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया और पीड़ित परिवारों की सहायता के उद्देश्य से दावों के शीघ्र और सरल निपटान हेतु विशेष रियायतों की घोषणा की है। एलआईसी के सीईओ सिद्धार्थ मोहंती ने बताया कि दावेदारों की कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र के स्थान पर किसी भी आधिकारिक दस्तावेज़ को मृत्यु का प्रमाण माना जाएगा।

### सिब्बल की संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग



**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले को लेकर संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए। सभी लोग सरकार के साथ खड़े हैं, क्योंकि यह देश की संप्रभुता पर हमला है।

### राइस मिल में लगी आग से पांच श्रमिकों की मौत



**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच में स्थित एक चावल मिल में आग लगने की घटना सामने आई है। जहां आग के धुएं की चपेट में आने से पांच श्रमिकों की दम घुटने से मौत हो गई है, जबकि तीन लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

---

श्रीनगर पहुंचे राहुल गांधी, कहा

# आतंकी हमले के पीछे हमें बांटने की मंशा

## भाई को भाई से लड़ाने की है साजिश, आतंकियों की नापाक कोशिश करें विफल

**श्रीनगर,** 25 अप्रैल लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को श्रीनगर पहुंचे।

### मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भी मुलाकात की

यहां उन्होंने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात की। इसके साथ ही राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकी हमले में घायल से भी मुलाकात की।

उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कहा कि जो कुछ हुआ है, उसके पीछे समाज को विभाजित करने का विचार है, भाई को भाई से लड़ाने की साजिश है। ऐसे में यह जरूरी है कि हर भारतीय एकजुट होकर आतंकवादियों की नापाक कोशिश को विफल करे।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि यह एक भयानक त्रासदी है। मैं यहां के हालात जानने और मदद करने आया हूं। जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों ने इस भयानक हमले की निंदा की है और वे राष्ट्र के साथ हैं। मैं घायल हुए लोगों में से एक से मिला हूं। मेरा प्यार और स्नेह उन सभी लोगों के साथ है, जिन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को खो दिया है। मैं सभी को बताना चाहता हूं कि पूरा राष्ट्र उनके साथ खड़ा है। एक दिन पहले गुरुवार को हमने सरकार के साथ बैठक की और पूरे विपक्ष ने इस हमले की निंदा की। उन्होंने आगे बताया कि इसके साथ ही हमने सरकार द्वारा की जाने वाली किसी भी कार्रवाई को पूरा समर्थन दिया है। इस दौरान राहुल गांधी ने श्रीनगर में कांग्रेस के नेताओं, कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों से मुलाकात की। उन्होंने पार्टी के नेताओं से कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध पूरा देश एकजुट है। हमें जुड़े रहना है, नफरत और आतंक के खिलाफ डटे रहना है।



### सुरक्षा बलों ने अल्ताफ लाली को किया ढेर

सुरक्षा बलों ने तीन दिनों की अथक मेहनत के बाद बांडीपोरा में मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के शीर्ष कमांडर अल्ताफ लाली को मार गिराया है। सुरक्षाबलों का दावा है कि लाली भी पहलगांव के नरसंहार का एक हिस्सा था।

### *दो आतंकियों के घरों को विस्फोट से उड़ाया*



*__जम्मू।__ कश्मीर में सुरक्षा अधिकारियों ने पहलगांव हमले के तीन दिन बाद जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे शुक्रवार को दक्षिण कश्मीर के त्राल और बिजबिहाड़ा इलाके में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों के आवासीय घरों को नष्ट कर दिया। हालांकि सुरक्षाधिकारियों का कहना है कि तलाशी अभियानों के दौरान इन घरों में रखे विस्फोटक खुद ही फूट गए थे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बैसरन पहलगाम घटना में उनकी कथित भूमिका सामने आने के बाद पुलवामा जिले के त्राल में आसिफ शेख और बिजभेरा अनंतनाग में आदिल थोकर के घरों को विस्फोट के जरिए जमीन पर गिरा दिया गया।*

अमित शाह ने सभी मुख्यमंत्रियों से की बात

### पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करें, वापस भेजें

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने सभी राज्य के मुख्यमंत्रियों से बात की। उन्होंने सभी से अपने-अपने राज्यों में सभी पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने और उनकी शीघ्र पाकिस्तान वापसी सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने को कहा। शाह ने कई मुख्यमंत्रियों से बात कर ली है और बाकियों से भी वे बात कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, अमित शाह ने शुक्रवार को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को फोन किया और उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी पाकिस्तानी नागरिक देश छोड़ने के लिए निर्धारित समय सीमा से आगे भारत में न रहे। भारत ने गुरुवार को 27 अप्रैल से पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी वीजा रद्द करने की घोषणा की थी।



## पहलगाम आतंकी हमले का देशभर में विरोध

### मुस्लिमों ने काली पट्टी बांधकर पढ़ी नमाज

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल पहलगाम आतंकी हमले को लेकर देशभर में गुस्से का माहौल है। हर कोई आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहा है। इस बीच, शुक्रवार को दिल्ली समेत देश के कई राज्यों में जुमे की नमाज के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हाथ पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। साथ ही उन्होंने सरकार से आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। एआईएमआईएम प्रवक्ता शोएब जमई ने कहा, पहलगाम में जो हुआ, वह देश के लिए बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और इस जघन्य घटना को अंजाम देने वाले आतंकवादियों पर हम लानत भेजते हैं। यूपी की राजधानी लखनऊ में आसिफी मस्जिद के बाहर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुमे की नमाज के बाद विरोध प्रदर्शन किया।

### दिल्ली के व्यापारियों ने बंद रखीं दुकानें

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) और यहां के अन्य 100 से अधिक व्यापारिक संगठनों ने अपनी दुकानें बंद रखीं। दिल्ली के लगभग सभी 900 से अधिक प्रमुख थोक और खुदरा बाजारों में आज व्यापार पूरी तरह बंद रहा।

---

दिल्ली में अब भाजपा की 'ट्रिपल इंजन' सरकार

## इकबाल सिंह चुने गए दिल्ली के मेयर

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की 'ट्रिपल इंजन' सरकार बन गई है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में भाजपा के उम्मीदवार राजा इकबाल शुक्रवार को नए मेयर चुने गए। भाजपा के ही जयभगवान यादव डिप्टी मेयर चुने गए हैं। मेयर चुनाव में भाजपा के राजा इकबाल को 133 वोट मिले, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार मनदीप को मात्र आठ वोट प्राप्त हुए। आम आदमी पार्टी ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारा था। मेयर चुनाव में 142 सदस्यों ने मतदान किया।

राजा इकबाल के मेयर बनने के साथ ही अब दिल्ली में भाजपा की 'ट्रिपल इंजन' सरकार काबिज हो गई है। केंद्र और विधानसभा में पहले से भाजपा की सरकारें हैं। अब मेयर की सीट पर भी भाजपा का कब्जा हो गया है। भाजपा ने 2024 लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सभी सात सीटों पर जीत हासिल की थी। इस साल फरवरी में हुए विधानसभा चुनाव में भी उसने पूर्ण बहुमत हासिल कर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में सरकार बनाई।



- आम आदमी पार्टी चुनाव में शामिल नहीं हुई
- कांग्रेस उम्मीदवार मनदीप को आठ वोट मिले

### पिछले चुनाव में 3 वोट से जीती थी आप

इससे पहले नंवबर 2022 में मेयर चुनाव हुआ था। आप उम्मीदवार महेश खिंची भाजपा के किशन लाल को सिर्फ तीन वोट से हराकर मेयर बने थे। खिंची को 133, जबकि किशन लाल को 130 वोट मिले थे। दो वोट अवैध घोषित किए गए थे। तब भाजपा के 104 और आप के 134 पार्षद थे।

---

वक्फ कानून पर केंद्र सरकार का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा

## वक्फ धार्मिक संस्था नहीं, वैधानिक निकाय है

### धार्मिक अधिकार में कोई हस्तक्षेप नहीं किया, सभी याचिकाएं खारिज की जाएं

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। वक्फ संशोधन कानून पर केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया। केंद्र ने कहा, 'वक्फ मुसलमानों की कोई धार्मिक संस्था नहीं बल्कि वैधानिक निकाय है।' केंद्र ने वक्फ (संशोधन) की वैधता के खिलाफ दायर सभी याचिकाएं खारिज करने की मांग की। केंद्र ने कहा, अदालतें वैधानिक प्रावधान पर रोक नहीं लगा सकती, संवैधानिक वैधता की समीक्षा कर सकती हैं और निर्णय दे सकती हैं। संसद में बनाए गए कानूनों पर संवैधानिकता की धारणा लागू होती है। विधायिका द्वारा लागू की गई विधायी व्यवस्था को बदलना स्वीकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने 17 अप्रैल को 7 दिन के अंदर केंद्र से वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को कहा था। इस मामले में अगली सुनवाई 5 मई को होगी। केंद्र ने हलफनामें में कहा कि अफवाहें फैलाई जा रही हैं कि संशोधन से धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों को छीन लिया जाएगा। आप इस बिंदु पर विचार कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट किसी कानून की विधायी क्षमता और मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के आधार पर समीक्षा कर सकता है। इस संशोधन कानून से किसी भी व्यक्ति के वक्फ बनाने के धार्मिक अधिकार में कोई हस्तक्षेप नहीं होता। केवल प्रबंधन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इस कानून में बदलाव किया गया है। इसमें कहा गया है कि संसद द्वारा पारित कानून को संवैधानिक रूप से वैध माना जाता है, विशेष रूप से संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की सिफारिशों और संसद में व्यापक बहस के बाद बने हुए कानून को।

- पारदर्शिता के लिए बदलाव किया
- पांच मई को होगी अगली सुनवाई



### प्रावधानों का दुरुपयोग किया गया है

निजी और सरकारी संपत्तियों पर अतिक्रमण करने के लिए प्रावधानों का दुरुपयोग किया गया है। मुगल काल से पहले, आजादी से पहले और आजादी के बाद वक्फ की कुल जमीन 18 लाख 29 हजार163 एकड़ थी। चौंकाने वाली बात यह है कि 2013 के बाद वक्फ भूमि में 20,92,072.536 एकड़ की वृद्धि हुई। वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 वैध विधायी शक्ति का वैध प्रयोग है।

---

यूपी बोर्ड के नतीजे घोषित

## हाई स्कूल में 90.11 व इंटर में 81.15 फीसदी छात्र पास





- हॉई स्कूल में यश प्रताप व इंटर में महक ने किया टॉप

**प्रयागराज,** 25 अप्रैल उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शुक्रवार को 10वीं और 12वीं का परिणाम घोषित कर दिया है।

हाई स्कूल में 90.11 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए, वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में 81.15 फीसदी छात्र उत्तीर्ण हुए। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सभापति डा. महेंद्र देव और सचिव भगवती सिंह तथा परीक्षा समिति के सदस्यों के साथ परीक्षा परिणाम को घोषित किया गया है। इस वर्ष 10वीं और 12वीं की परीक्षा के लिए कुल 54,37,233 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं, जिसमें हाईस्कूल के परीक्षार्थियों की संख्या 27,32,216 तथा इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों की संख्या 27,05,017 है। हाईस्कूल में 14,49,736 छात्र तथा 12,82,458 छात्राएं पंजीकृत हैं। इंटरमीडिएट में 14,58,983 छात्र तथा 12,46,024 छात्राएं पंजीकृत थे। 10वीं में यश प्रताप सिंह ने 97.83 फीसदी अंकों के साथ टॉप किया है, जबकि 12वीं में महक जायसवाल ने 97.20 फीसदी अंकों के साथ टॉप किया है।

### द्वितीय स्थान पर अंशी व अभिषेक रहे

कक्षा 10वीं में द्वितीय स्थान पर अंशी 97.67 व अभिषेक कुमार यादव 97.67 अंक पाकर संयुक्त तौर पर दूसरे नंबर पर रहे। इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान पर महक जायसवाल ने 97.20 फीसदी अंक हासिल किए हैं। वह बच्चा राम यादव इंटर कॉलेज भुलई प्रयागराज की छात्रा हैं। द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से चार परीक्षार्थी 96.80 फीसदी अंक हासिल कर रहे हैं। साक्षी, आदर्श यादव, शिवानी सिंह और अनुष्का सिंह दूसरे स्थान पर हैं।

---

## पुलिस ने मेधा पाटकर को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता और सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटेकर को दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी एक डिफेमेशन (मानहानि) मामले में की गई है। कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था। यह कार्रवाई उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मानहानि के मामले में दोषसिद्धि के बाद की गई है। मामला दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने 2001 में दर्ज कराया था। साकेत कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशाल सिंह ने कहा था कि मेधा पाटकर अदालत में उपस्थित नहीं हुईं और उन्होंने जानबूझकर सजा से जुड़े आदेश का पालन नहीं किया।





- कोर्ट ने जारी किया था गैर-जमानती वारंट
- दिल्ली के उपराज्यपाल दर्ज कराया था मामला

**तीन मई को अगली सुनवाई**

अगली तारीख के लिए दोषी मेधा पाटकर के खिलाफ दिल्ली पुलिस आयुक्त के कार्यालय के माध्यम से गैर-जमानती वारंट जारी किया जाए। इस मामले पर अगली सुनवाई तीन मई को होगी। विनय कुमार सक्सेना ने 2001 में यह मामला दर्ज कराया था।

---

## कुणाल कामरा को कोर्ट से राहत, नहीं होगी गिरफ्तारी

**मुंबई,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नाम लिए बगैर उन पर की गई टिप्पणी मामले में स्टैंड-अप कमीडियन कुणाल कामरा को बॉम्बे हाई कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने कामरा की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने मुंबई पुलिस को आदेश दिया कि उनके 'गद्दार' कमेंट को लेकर उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर मामले में गिरफ्तार न किया जाए। इसके साथ ही कोर्ट से मुंबई पुलिस को चेन्नई में कुणाल कामरा से पूछताछ की अनुमति भी मिली है। अब मुंबई पुलिस चेन्नई जाकर स्थानीय पुलिस की मदद से कामरा का बयान दर्ज करेगी। जस्टिस सारंग कोतवाल और एसएम मोदक की बेंच ने ये आदेश सुनाया है।

**पुलिस को पूछताछ की अनुमति मिली**

---

परेशानी | *धार्मिक स्थलों के आसपास रहने वाले लोगों में ज्यादा डर*

## पहलगाम नरसंहार के बाद से ही सहमा जम्मू कश्मीर

**जम्मू, 25 अप्रैल पहलगांव के ताजा हमले के बाद सारे जम्मू कश्मीर में हाई अलर्ट जारी करने की बात कही गई है पर बावजूद उसके सारा प्रदेश सहमा हुआ है। विशेषकर प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों के आसपास रहने वाले और कश्मीर घाटी के वाशिंदे। धार्मिकस्थलों के एरिया में रहने वालों को आतंकी हमलों की पुनरावृत्ति का डर है तो कश्मीर में कार बमों की दहशत चेहरों की हवाईयां उड़ा रही हैं।**

अधिकारियों ने दावा किया है कि पहलगांव के ताजा हमले के बाद सारे प्रदेश में सतर्कता को बढ़ाया तो गया लेकिन खुफिया एजेंसियों की खबरों के कारण दहशत फैल रही है। उनका कहना था कि कुछ लोगों द्वारा खुफिया रिपोर्टों को प्रमुखता दिए जाने के बाद लोग अपने आपको असुरक्षित महसूस करने लगे हैं।

असल में खुफिया रिपोर्टें कहती हैं कि आतंकी जम्मू कश्मीर में भी धार्मिक स्थलों पर हमलों को अंजाम दे सकते हैं। यूं तो रघुनाथ मंदिर पर दो बार आतंकी हमला हो चुका है। वैष्णो देवी गुफा तक आतंकी पहुंचे तो कई बार पर हर बार सुरक्षाबलों को सफलता मिली थी। और अब ताजा रपटों के बकौल, वैष्णो देवी का तीर्थस्थान आतंकी हिट लिस्ट में सबसे ऊपर है। अधिकारी इसे मानते हैं कि बहुत बड़े भूभाग में फैले वैष्णो देवी तीर्थस्थल की सुरक्षा कर पाना संभव भी नहीं है। तभी तो तीर्थस्थान के बेस कैम्प कटड़ा में एक बार हथगोले का हमला सात श्रद्धालुओं की जान लील चुका है। चारों ओर पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण आतंकी कई बार शार्टकट रास्तों का इस्तेमाल कर गुफा से मात्र एक-डेढ़ किमी की दूरी पर घात लगा चुके हैं। 'एक करोड़ से अधिक लोगों को सुरक्षा प्रदान कर पाना कितना कठिन काम है आप बेहतर समझ सकते हैं,'कटड़ा में तैनात एक वरिष्ठ केरिपुब अधिकारी का कहना था। ऐसा ही हाल अन्य धार्मिक स्थानों का भी है। जम्मू का रेलवे स्टेशन भी दो हमलों को झेल चुका है। हालांकि लोगों की आस्था कम तो नहीं हुई मगर दहशत और आतंक का साम्राज्य जरूर पुन: फैल रहा है। ऐसा ही साम्राज्य कश्मीर घाटी में प्रतिदिन उस समय फैलता है जब कारों में बमों को लेकर घूमते आतंकवादियों के प्रति खबरें फैलती हैं।



- वैष्णो देवी तीर्थस्थान आतंकी हिट लिस्ट में सबसे ऊपर

## किसानों की समृद्धि और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध राजस्थान सरकार

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में कृषक कल्याण का ध्येय हो रहा साकार

पल पल राजस्थान

**राजसमंद।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों की खुशहाली को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। कृषि और पशुपालन को सशक्त बनाने हेतु सरकार ने अनेक योजनाएं शुरू की हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम राज्य के हर कोने में देखने को मिल रहे हैं। सरकार की प्रतिबद्धता और कार्यशैली का परिणाम है कि किसानों को न केवल राहत मिली है, बल्कि उनकी आमदनी बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने के प्रयास भी सफल हो रहे हैं। राज्य सरकार ने दिसंबर 2024 तक 30 लाख किसानों को 16,781 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त अल्पकालीन फसली ऋण वितरित किया है। इसके साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि योजना के समानांतर राज्य सरकार ने 'मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' शुरू की है, जिसके अंतर्गत किसानों को अतिरिक्त 2,000 रुपये की सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत अब तक 1,357 करोड़ रुपये लाभार्थियों के खातों में सीधे हस्तांतरित किए जा चुके हैं। राज्य सरकार ने गोपालकों को सहायता देने के लिए राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना लागू की है, जिसके तहत 24,000 से अधिक गोपालक परिवारों को 1 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया गया है। इसके अतिरिक्त 'मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना' के तहत 400



करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 1 करोड़ 2 लाख 84 हजार हेक्टेयर क्षेत्र का बीमा कर 3 करोड़ 56 लाख 40 हजार पॉलिसियां बनाई गईं और 2,699 करोड़ रुपये के बीमा क्लेम वितरित किए गए। किसानों को 25 लाख 51 हजार मीट्रिक टन यूरिया और 6 लाख 84 हजार मीट्रिक टन डीएपी भी उपलब्ध कराया गया। राज्य सरकार ने 263 करोड़ रुपये के अनुदान से 3,266 डिग्गियां, 18,813 फार्म पॉन्ड और 12,400 किलोमीटर लंबी सिंचाई पाइपलाइन का निर्माण कराया है। 17,237 किलोमीटर क्षेत्र में तारबंदी कर 190 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया। साथ ही 33 लाख 88 हजार महिला कृषकों को 70 करोड़ रुपये की लागत से निःशुल्क बीज मिनी किट वितरित की गई है। 'राज किसान साथी' पोर्टल के माध्यम से कृषि से जुड़ी योजनाओं की सम्पूर्ण प्रक्रिया को डिजिटल और पेपरलेस बना दिया गया है। भारत सरकार ने इस पोर्टल को ई.गवर्नेंस स्कीम में 'गवर्नमेंट प्रोसेस री-इंजीनियरिंग फॉर डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन' श्रेणी में सिल्वर अवॉर्ड प्रदान किया है। इसके अलावाए किसानों को ऑनलाइन माध्यम से 40 योजनाओं का लाभ घर बैठे मिल रहा है। 13,879 खुदरा उर्वरक विक्रय केंद्रों पर प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र स्थापित किए गए हैं। सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत 45,557 हेक्टेयर क्षेत्र में फव्वारा संयंत्र और 30,320 हेक्टेयर में बूंद-बूंद सिंचाई की व्यवस्था की गई है। राज्य में 1,58,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में ग्रीन हाउस और 28ए000 वर्ग मीटर में शेडनेट हाउस बनाए गए हैं। पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत 21,932 सौर ऊर्जा पम्प संयंत्र लगाए गए हैंए जिससे किसानों को सिंचाई के लिए सस्ती और सतत ऊर्जा मिल रही है। कृषकों को लाभकारी मूल्य दिलाने के लिए श्ई.नामश् योजना के तहत 166 मंडियों को जोड़ा गया है। राज्य की नवगठित 21 मंडी समितियां भी इससे जुड़ चुकी हैं। ई.नाम प्लेटफॉर्म पर ट्रांजेक्शन की संख्या के आधार पर राजस्थान देश में पहले स्थान पर है। फल-सब्जी पर कृषक कल्याण शुल्क 2 प्रतिशत से घटाकर 1 प्रतिशत और अन्य कृषि जिंसों पर 1 प्रतिशत से घटाकर 0.5 प्रतिशत कर दिया गया है। गुड़ और चीनी पर मंडी शुल्क में शत-प्रतिशत छूट प्रदान की गई है। पंजीकृत गौशालाओं को मिलने वाले अनुदान में 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है और 2024.25 में 3,043 गौशालाओं को 700 करोड़ रुपये की सहायता दी गई है। पशु चिकित्सा सेवा को सुलभ बनाने के लिए 1962 हेल्पलाइन सेवा शुरू की गई हैए जिसके माध्यम से 30 लाख पशुओं का उपचार किया गया है। राजस्व रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण और गिरदावरी की ऑनलाइन सुविधा दी जा रही है। जमाबंदी, खसरा, गिरदावरी की प्रतियां अब ऑनलाइन प्राप्त हो रही हैं। 'किसान गिरदावरी' और 'राज-खसरा' मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से किसानों ने स्वयं 3 लाख से अधिक खेतों की गिरदावरी की है। भारत सरकार की डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम के अंतर्गत उपग्रह छायाचित्रों की मदद से नया डिजिटल भू.अभिलेख तैयार किया जा रहा है। नवीन डिजिटल रिकॉर्ड का कार्य प्रगति पर है। प्रथम चरण में 11 जिलों में यह कार्य शुरू किया गया है। आमेट, उनियारा, सिवाना और पीपाड़ सिटी तहसीलों का नया रिकॉर्ड आमजन को समर्पित किया जा चुका है। राजस्थान सरकार किसानों की हर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का संचालन कर रही है। पारंपरिक खेती को तकनीक और डिजिटल सेवाओं से जोड़ते हुए यह सरकार किसानों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की दिशा में तेज़ी से अग्रसर है।

आलेख : प्रवेश परदेशी
सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, राजसमंद

## निर्माण श्रमिक पंजीयन के तहत लंबित शुल्क का शीघ्र करें भुगतान

**राजसमंद।** श्रम कल्याण अधिकारी उमेश राइका ने बताया कि जिले में पूर्व में निरस्त हुए निर्माण श्रमिक पंजीयन आवेदनों की अपीलों पर सुनवाई करते हुए कार्यालय द्वारा कई पंजीयन आवेदनों को स्वीकृत किया गया है। साथ ही नए प्राप्त आवेदनों को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। इन स्वीकृत आवेदनों में से लगभग 700 आवेदकों द्वारा अब तक निर्धारित शुल्क का भुगतान नहीं किया गया है। श्रमिकों को सूचित किया गया है कि शीघ्र अपने समीपस्थ ई.मित्र केंद्र पर जाकर अथवा स्वयं की एसएसओ आईडी के माध्यम से निर्धारित शुल्क का भुगतान करें एवं अपना श्रमिक कार्ड वहीं से प्राप्त करें। साथ ही आमजन को सावधान किया गया है कि वे किसी भी भ्रामक व्यक्ति या फोन कॉल के झांसे में न आएं। इस विषय में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 02952.222522 पर संपर्क किया जा सकता है।

# दुष्कर्म की कोशिश करने वाले को सात साल की सजा

## सिर्फ 28 दिनों में ही चालान किया था पेश, दो महीने में ही दी सजा

**चित्तौड़गढ़।** 2 महीने पहले चंदेरिया थाना क्षेत्र में नाबालिग बालिका से रेप की कोशिश के मामले में पोक्सो कोर्ट-1 के पीठासीन अधिकारी लता गौड़ ने आरोपी को 7 साल की सजा सुनाई। साथ ही 40 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। आरोपी ने चार साल की एक बालिका से रेप करने की कोशिश की थी। उसी दौरान बच्ची की मां ने देख लिया था। इस मामले में पुलिस का काम भी काफी सराहनीय रहा। पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए सिर्फ 28 दिनों में चालान पेश कर दिया। कोर्ट ने भी सिर्फ दो महीने आठ दिनों में अपनी कार्रवाई पूरी कर ली थी। सजा की खबर सुनते ही आरोपी की पत्नी कोर्ट रूम के बाहर फूट-फूट कर रोने लगी।

### खेलती हुई बच्ची को ले गया था अपने घर

लोक अभियोजक गोपाल लाल जाट ने बताया कि 18 फरवरी की रात को पीड़िता की मां और आरोपी (विशेष समुदाय) की पत्नी दोनों बाहर बैठकर बात कर रहे थे। पास में 4 साल की बच्ची खेल रही थी। खेलते-खेलते अचानक गायब हो गई। जब उसकी मां और आसपास के लोगों ने ढूंढना शुरू किया तो बच्ची आरोपी के घर पर मिली। आरोपी सलीम बालिका से रेप की कोशिश कर रहा था। सबके चिल्लाने की आवाज सुनकर आरोपी वहां से भाग निकला। सूचना पर मौके पर चंदेरिया थानाधिकारी सुनीता गुर्जर सहित जाब्ता पुलिस पहुंची। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर 19 फरवरी को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस का सराहनीय काम, पुलिस की केस ऑफिसर स्किम का प्रभाव उन्होंने बताया कि चंदेरिया थानाधिकारी सुनीता गुर्जर और उनकी पूरी टीम की तरफसे जल्द से जल्द कार्रवाई की गई। सिर्फ28 दिनों में यानी 17 मार्च को आरोपी के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश कर दिया गया। प्रकरण को केस ऑफिसर स्कीम में चयनित कर एएसआई सुरेंद्र सिंह को केस ऑफिसर नियुक्त किया गया। केस ऑफिसर एएसआई सुरेंद्र सिंह और कोर्ट एलसी कांस्टेबल अशोक कुमार ने गवाहों के न्यायालय में शीघ्र बयान करवाए। चालान के 1 महीने 9 दिन और अपराध के 2 महीने 8 दिन बाद कोर्ट की तरफसे यह सजा सुनाई गई।



### 40 हजार रुपए का लगाया जुर्माना

दोनों पक्षों की बहस सुनी गई। लोक अभियोजक ने 15 गवाह और 23 डॉक्यूमेंट्स पेश किए। इसके बाद पोक्सो कोर्ट-1 की पीठासीन अधिकारी लता गौड़ ने आरोपी को दोषी पाया। उसे पोक्सो के अलग-अलग धाराओं में कुल 7 साल की सजा सुनाई और 40000 रुपए का जुर्माना लगाया। साथ ही पीडित प्रतिकर से 50 हजार रुपए बालिका को दिए जाएंगे।

### फूट- फूट कर रो पड़ी आरोपी की पत्नी

सजा सुनने के बाद आरोपी की पत्नी कोर्ट के बाहर ही फूट- फूट कर रोने लगी। इस मामले में आरोपी की तरफ से सिर्फ दो गवाह थे। एक वो खुद और दूसरा उसका बेटा। आरोपी ने पुराने एक विवाद के चलते झूठा आरोप लगाना बताया। लेकिन यह झूठा पाया गया।

## एयरटेल ने अंतरराष्ट्रीय रोमिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए किए नए प्लान्स लॉन्च

**उदयपुर।** भारती एयरटेल ने अपने अंतरराष्ट्रीय रोमिंग पोर्टफ ोलियो में नए प्लान्स की घोषणा की है, जो ग्राहकों के लिए सरल, किफ ायती और पूरी तरह से सुविधाजनक अनुभव प्रदान करेंगे। कंपनी ने भारत की पहली अनलिमिटेड' इंटरनेशनल रोमिंग प्लान्स लॉन्च किए हैं, जो 189 देशों में अनलिमिटेड डेटा प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, एयरटेल ने लंबे समय तक विदेश में रहने वाले एनआरआई समुदाय के लिए रु. 4000 का एक अनूठा रिचार्ज प्लान लॉन्च किया है, जिसकी वैधता एक साल की है। इस प्लान में 5 जीबी डेटा और 100 वॉयस मिनट दिए जाते हैं, जो विदेश में उपयोग के लिए उपलब्ध है, जबकि भारत में ग्राहक इसी प्लान का उपयोग करते हुए 1.5जीबी डेली डेटा और अनलिमिटेड कॉल का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यह प्लान ग्राहकों को 189 देशों में कहीं भी सुविधाजनक कनेक्टिविटी अनुभव प्रदान करता है और भारत में उसी नंबर का उपयोग करते हुए बिना अलग से रिचार्ज किए हुए सेवाओं का लाभ उठाने की सुविधा देता है। सिद्धार्थ शर्मा, डायरेक्टर (मार्केटिंग) और सीईओ - कनेक्टेड होम्स, भारती एयरटेल ने कहा - एयरटेल में, हम अपने ग्राहकों के जीवन को सरल बनाने और उन्हें अधिक मूल्य एवं सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमने अपने इंटरनेशनल रोमिंग प्लान्स को बहुत ही सरल बना दिया है, जो वास्तव में हमारे ग्राहकों के अनुभव को पूरी तरह से बदल देंगे।

## एक हजार से अधिक किसानों को ढाई करोड़ का भुगतान

**चित्तौड़गढ़।** ज़िले में केंद्र सरकार की सीपीएस पद्धति के तहत डोडों का तौल कार्य जोर-शोर से चल रहा है। जिला मुख्यालय स्थित नारकोटिक्स विभाग कार्यालय में अल सुबह से जिले के अफीम काश्तकारों के आने का 'म शुरू हो जाता है। दूर दराज क्षेत्रों से किसान ट्रेक्टर और अन्य साधनों के माध्यम से डोडे लेकर यहां पहुच कर तौल करा रहे है, विभाग में इस तरह का दृश्य किसानों के मेले जैसा प्रतीत होता है। जिला मुख्यालय स्थित प्रथम और द्वितीय खण्ड के किसानों के डोडों का तौल किया जा रहा है, जबकि तीसरे खण्ड का तौल कार्य निंबाहेड़ा में किया जा रहा है। अब तक दोनों खण्डो में कुल 1 हजार 198 किसानों के 1 लाख 9 हजार 81 किलो डोडो का तौल हो चुका है।

# अहिंसा, धर्म और संस्कृति ही हैं शांति के शाश्वत स्तंभ : प्रो. सारंगदेवोत

पल पल राजस्थान

**उदयपुर।** राजस्थान विद्यापीठ के संघट लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, डबोक में 'शांति शिक्षा-विचार एवं कर्म' विषयक दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य शुभारंभ शुक्रवार को हुआ, जिसकी शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई।




कुलपति कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने कहा कि च्शांति का आरंभ आत्म से होता है। जब मनुष्य अपने अंतर्मन में संतुलन और सद्भाव स्थापित करता है, तभी वह बाह्य जगत में शांति का संवाहक बनता है। उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा धर्म में बसती है और धर्म का परम लक्ष्य शांति की स्थापना है। उन्होंने रामधारीसिंह दिनकर की पंक्तियों का उल्लेख करते हुए कहा कि 'जब भी कोई मनुष्य अपने पथ या संस्कृति से गिरता है, शांति चुपके से अपना आसन छोड़ देती है।ज्ज उन्होंने कहा कि अहिंसा भारतीय दर्शन की मूल अवधारणा है और यह हमारे वेद, उपनिषद, भगवद्गीता, योगशास्त्र और जीवन पद्धति में विद्यमान है। च्शांति किसी सत्ता द्वारा थोपी नहीं जा सकती, उसे साधना पड़ता है, अर्जित करना होता है।ज्ज उन्होंने बताया कि परिवार मूल्य निर्माण की पहली पाठशाला है, जहां बच्चा प्रेम, करुणा और विश्वास जैसे जीवनमूल्य सीखता है। उन्होंने कहा कि बौद्धिक स्तर पर बुद्धि (आईक्यू) समस्या सुलझाने में सहायक होती है, भावनात्मक बौद्धिकता (ईक्यू) जीवन के प्रति समझ विकसित करती है और आध्यात्मिक बौद्धिकता (एसक्यू) हमें जीवन का अर्थ समझाती है। उन्होंने शांति मंत्र के तीन बार उच्चारण की परंपरा का आध्यात्मिक विश्लेषण करते हुए कहा कि यह शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करने की विधि है। वेदों, उपनिषदों और भारतीय परंपरा के उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि भारत सदा से विश्वशांति का अग्रदूत रहा है। उन्होंने अपने उद्बोधन की शुरुआत शांति प्रार्थना से की और कहा कि शांति को अपने कर्मों में उतारना ही उसका वास्तविक अभ्यास है। यही उपचार और सामंजस्य का माध्यम है। सत्य और ज्ञान से ही मन की शांति प्राप्त होती है और वही जीवन को आनंदपूर्ण बनाती है।

# जिले में मलेरिया उन्मूलन को लेकर चला जनअभियान

**भीलवाडा।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिले में मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया जैसी मौसमी बीमारियों के उन्मूलन के लिए विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया गया। चिकित्सा विभाग द्वारा आयोजित विविध गतिविधियों के माध्यम से आमजन को इन बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी.पी. गोस्वामी ने बताया कि इस वर्ष की थीम 'मलेरिया का अंतः पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्जागृति' है, जो मलेरिया उन्मूलन हेतु साझा प्रयासों की आवश्यकता को रेखांकित करती है। इसी दृष्टि से जिले में अन्तर्विभागीय समन्वय से स्कूली बच्चों, ग्रामीण व शहरी समुदायों के बीच आईईसी प्रदर्शन, ऑडियो-वीडियो संदेशों एवं लार्वा प्रदर्शनों के माध्यम से जागरूकता फैलाई गई। स्वास्थ्य



केंद्रों और सामुदायिक स्थलों पर लार्वा प्रदर्शन कर मलेरिया व डेंगू के फैलाव की जानकारी दी गई। विभागीय कार्मिकों ने फील्ड में जाकर एंटी-लार्वल गतिविधियां, स्रोत नियंत्रण जैसी क्रियाओं का प्रदर्शन किया। आमजन ने भी इस अभियान में उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई और हाथों में आईईसी सामग्री लेकर बीमारियों से बचाव का संदेश दिया। डॉ. गोस्वामी ने बताया कि राज्य में 1 अप्रैल से मलेरिया क्रैश प्रोग्राम संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत एंटी-लार्वा क्रियाएं, सोर्स रिडक्शन, फॉगिंग जैसे प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। विभाग का लक्ष्य है कि नवाचार, तकनीकी संसाधनों और जनभागीदारी के साथ मलेरिया का जड़ से उन्मूलन किया जाए और प्रत्येक नागरिक को स्वस्थ जीवन प्रदान किया जा सके।

# सांसद डॉ. रावत की जनसुनवाई में आई 60 से ज्यादा परिवेदनाएं, कई का हाथों हाथ किया निबटारा, कुछ विभागों को भेज निर्देश दिए

पल पल राजस्थान

**उदयपुर।** सांसद मन्नालाल रावत ने शुक्रवार को जिला परिषद स्थित अपने कार्यालय में जनसुनवाई की जिसमें विभिन्न संस्थाओं, संगठनों और व्यक्तिगत रुप से 60 से ज्यादा परिवेदनाएं आई। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से भी बडी संख्या प्रतिनिधि मंडल अपनी मांगों को लेकर सांसद कार्यालय पहुंचे। कई लोग आवारा कुत्तों लेकर हो रही परेशानी, विभिन्न क्षेत्रों में जल संकट तथा सफाई व्यवस्था जैसी जन समस्याएं लेकर भी पहुंचे। सांसद रावत ने सुबह साढे दस बजे जन सुनवाई शुरु की और दोपहर



करीब 1 बजे तक चली। सांसद ने सभी प्रतिनिधि मंडल को बडी सहजता और गंभीरता से सुना और जिन मांगों का समाधान मौके पर ही हो सकता था उनको लेकर तत्काल अधिकारियों से बात कर निवारण करवाया। कई लोग अपने स्थानांतरण की अर्जिया भी लेकर आए। पूज्य सिंधी पंचायत सोसायटी, प्रतानगर की ओर से प्रतिनिधि मंडल ने भूपाल कॉओपरेटिव सोसायटी प्रतानगर की 200 फीट रोड पर बने मकानों के पट्टे जारी करने के संबंध में यूडीए अधिकारियों को निर्देश देने को लेकर ज्ञापन दिया। बताया कि पिछले 75 वर्षों से बने मकानों के पट्टे नहीं दिए गए हैं।

### पंचायत समिति गोगुंदा को लेकर ज्ञापन

पंचायत समिति गोगुंदा प्रधान सुंदर देवी और प्रतिनिधिमंडल की ओर से ज्ञापन देकर उदयपुर विकास प्राधिकरण के विस्तार में गोगुंदा पंचायत समिति का काफी क्षेत्र शामिल करने को लेकर विरोध किया गया तथा इसको वर्तमान स्थिति में ही रखने की मांग की। बताया कि यह पूरा क्षेत्र टीएसपी है इसलिए इसके यथावत रखा जाना चाहिए।

### राजस्व ग्राम गुड को ग्राप पंचायत बनाए

पंचायत वासी बामनिया और गुड के ग्रामीणों ने ज्ञापन देकर ग्राम पंचायत बामनिया के प्रस्तावित पुर्नगठन में राजस्व गांव गुड को ग्राम पंचायत बनाए जाने की मांग की है। बताया कि गुड सबसे बडी आबादी का क्षेत्र है।

### शहर की समस्याओं को लेकर ज्ञापन

होटल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष यशवर्धन सिंह राणावत व प्रतिनिधि मंडल ने आवारा कुत्तों की समस्या, सहेलीनगर में खुला कचरा पोइंट, अंबापोल बाहर कचरा पोइंट तथा स्वरुपसागर नया पुल के पास खुला कचरा पोइंट को लेकर जानकारी दी और नगर निगम को इस संबंध में पाबंद करने का आग्रह किया।

# जिंदल एचआर हेड सिन्हा ने दिया गौसेवा का सन्देश

**भीलवाडा।** जिंदल सॉ लिमिटेड के एचआर हेड शशिभूषण सिन्हा ने अपने पिताजी के स्वर्गवास होने पर रखी गयी। श्रद्धांजलि बैठक में सपरिवार श्री गौसेवा मित्रमंडल के गौग्रास रथ में गौग्रास किया गया एवं परिवार द्वारा गौरथ में उपलब्ध हरे चारे गुड़ फ्ल इत्यादि को शहर में विचरण कर रही निराश्रित गौमाताओं को खिलाया गया। सिन्हा परिवार द्वारा इस शोक संतृप्त अवस्था में भी सेवाभाव को देख वहां उपस्थित सभी प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा उन्मुक्त ह्रदय से प्रसंशा की गयी एवं इसे दूसरों के लिए प्रेरणादायी बताया। वहाँ उपस्थित गणमान्य जनों ने कहा कि सिन्हा परिवार द्वारा ह्रदय में जीवदया एवं गौसेवा का यह भाव को देखकर वे सभी अभिभूत है एवं इस प्रकार के नवाचारों से समाज में सेवा प्रकल्पों को प्रोत्साहन मिलेगा। इस अवसर पर शशिभूषण सिन्हा ने अपने पिताजी को याद किया एवं कहा कि सिन्हा परिवार अपने ह्रदय में प्राथमिक काल से ही सेवाभाव संजोये हुए है एवं आगे भी सेवा कार्यों में सम्मिलित रहेगा। साथ ही उन्होंने श्री गौ सवा मित्र मंडल के इस सेवा उपक्रम की भी तारीफ करते हुए अन्यों को इस प्रक्रम से जुड़ने का निवेदन किया। इस अवसर पर शहर विधायक अशोक कोठरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन, बिलेश्वर डाड, अमन शर्मा, सुनील शर्मा, शुभांशु जैन, शुभम सोनी, पंकज आडवाणी उपस्थित थे।

### आतंकवादी घटना की निंदा

उदयपुर। नारायण सेवा संस्थान में शुक्रवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना की कड़ी भर्त्सना करते हुए मारे गए निर्दोष पर्यटकों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। संस्थान संस्थापक कैलाश 'मानव' व अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध पूरा भारत एकजुट है। पहलगाम में मानवता के विरुद्ध घटित जघन्य अपराध अक्षम्य है।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 12 को

उदयपुर। जिला स्तरीय सड़क समिति की बैठक 12 मई को जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में होगी। सदस्य सचिव एवं पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता राजीव अग्रवाल ने बताया कि बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी।

### महिला सशक्तिकरण व सामाजिक उत्थान के लिए शालीनी राजावत का सम्मान

उदयपुर। वृक्षम अमृतम संस्थान उदयपुर के अध्यक्ष गोपेश शर्मा व सचिव यशवंत त्रिवेदी द्वारा महिला सशक्तिकरण व सामाजिक उत्थान के लिए शालीनी राजावत सचिव शिव शंकर गौशाला को उपरणा व शोल ओढ़ाकर, ताज पहनाकर, प्रसंशा पत्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर कर स्वागत व अभिनंदन किया। मिडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने बताया कि शालिनी राजावत ने गौ संवर्धनए संरक्षणएपालन के लिए श्रेष्ठ कार्य किया है। महिला होते हुए तनएमन व धन से सेवा कर आदर्श गौशाला के रूप में विकसित किया है। गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भरशक प्रयास किये जा रहे हैं। सम्मान समारोह में वैदिक पुरोहित, इंद्र प्रकाश यादव, डॉ भूपेंद्र शर्मा, प्रीतम सिंह चुंडावत, सुरेश चंद्र विजयवर्गीय, प्रदीप उपाध्याय, लवीश चपलोत, चंद्र शेखर पूर्बिया, मीत व माही राजावत सहित कई महिला शक्ति उपस्थित थीं।

### 1 मई को रक्तदान शिविर

भीलवाडा। मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में भीलवाड़ा मजदूर महासंघ के नेतृत्व में विशाल रक्तदान का आयोजन 01 मई 2025 को आयोजित किया जा रहा है। अध्यक्ष पन्नालाल चौधरी ने बताया कि संघ द्वारा 01 मई 2025 को रिको एरिया, 4 फेज, मंगलम यार्न गोडाउन (पुरानी रेलेक्स) सूरज सिन्थेटिक्स (गोमुर) के पीछे रक्तदान शिविर का आयोजन प्रातः 7 बजे से सांय 7 बजे तक किया जा रहा है। जिसमें मजदूर भाईयों के सहयोग से लगभग 1100 यूनिट रक्त संग्रहण का लक्ष्य रहेगा। संघ द्वारा पिछले 15 वर्षो से मजदूर दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है, इस वर्ष समिति का 13वां रक्तदान शिविर है। श्रमिक प्रतिवर्ष बढ़कर-चढ़कर उत्साह के साथ रक्तदान कर मजदूर दिवस मनाते है। इस अवसर पर कई समाजसेवी एवं प्रबुद्धजन शिविर का अवलोकन कर मजदूरों का उत्साह बढ़ायेंगे।

### संगिनी जेएसजी भीलवाड़ा मैन की प्रथम जनरल बैठक आयोजित

भीलवाडा। संगिनी जेएसजी भीलवाड़ा मैन द्वारा आयोजित प्रथम जनरल मीटिंग का आयोजन हरी विलास, पूर रोड पर भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ नवकार मंत्र के जाप से हुआ, जिसने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। मीटिंग में सचिव प्रमिला गौखरू द्वारा फेडरेशन सूत्र का प्रभावशाली वाचन किया गया। ममता जैन एवं शकुन्तला साँखला ने जेएसजी की प्रार्थना प्रस्तुत की। अध्यक्षा पुष्पा गौखरू ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा कर शहीदों को दो लागोस के ध्यान के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नव-निर्वाचित कमेटी का सभी से परिचय करवाया और नए सदस्यों का उत्साहपूर्वक स्वागत एवं अभिनंदन किया एवं संगिनी के उद्देश्यों से अवगत कराया गया और पूरे साल के कार्यक्रम की रूपरेखा रखी गई।

### जोधपुर में हिरण की हत्या, गोली मारकर शिकारी फरार

जोधपुर। जोधपुर में शिकारी ने हिरण को गोली मार दी। लोगों की आहट सुनकर शिकारी मौके से फरार हो गया, लेकिन गंभीर रूप से घायल हिरण ने कुछ देर बाद दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही वन्यजीव प्रेमी आक्रोशित हो गए। स्थानीय लोगों ने आरोपी के खिलाफकठोर कार्रवाई की मांग की है। मामलाए लूणी थाना क्षेत्र गुरुवार रात का बताया जा है। खेजड़ली रेस्क्यू सेंटर के घेवर राम ने बताया. शुक्रवार सुबह ग्रामीणों से सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस को जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची टीम ने हिरण के शव को रेस्क्यू सेंटर भिजवायाए जहां तीन डॉक्टरों की टीम ने पोस्टमॉर्टम में गोली से मौत की पुष्टि की। पुलिस को आशंका है कि शिकारी स्थानीय हो सकते हैं। हिरण की बॉडी मिलने के तरीके से अनुमान है कि शिकार की नीयत से गोली मारी गई। वन्यजीव प्रेमियों ने आरोपियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने लोगों को आश्वासन दिया है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## कुर्की आदेश में संपत्ति जब्त नहीं करने के एवज में ली 3.50 लाख की घूस

# बांसवाड़ा में रिश्वत लेते सीआई और दलाल वकील गिरफ्तार

पल पल राजस्थान

**बांसवाड़ा।** बांसवाड़ा में एसीबी ने साढ़े 3 लाख रिश्वत लेने के आरोप में गुरुवार को राजतालाब थानाधिकारी सीआई दिलीपसिंह चारण और दलाली कर रहे वकील शरीफ खान को गिरफ्तार किया है। आरोपी शरीफ ने एक दिन पहले परिवादी महिला से राजतालाब थाना परिसर में एक लाख और फिर बाकी के 2.50 लाख रुपए परिवादी के घर जाकर लिए। इसी दौरान एसीबी ने उसे धर दबोचा। पूछताछ के बाद सीआई दिलीप को भी टीम ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी वकील को दोपहर करीब 2 बजे ही टीम ने पकड़ लिया थाए लेकिन सीआई की गिरफ्तारी और पूरा खुलासा एसीबी ने रात 11 बजे के करीब किया। सामने आया है कि रिश्वत लेते पकड़ा गया आरोपी वकील प्रैक्टिस नहीं कर रहा थाए लेकिन वह सीआई का नजदीकी था और रिश्वत की राशि तय करने और बिचौलिए का काम कर रहा था।



### सीआई ने दलाल के जरिए मांगे थे 6.30 लाख

एसीबी के एएसपी ऋषिकेश मीना ने बताया कि परिवादी ने शिकायत में बताया कि उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफपुलिस थाना राजतालाब की ओर से संपत्ति कुर्की की कार्रवाई करते हुए उनके वाहन जब्त किए। शेष बचे हुए वाहनों और संपत्ति को जब्त नहीं करने और भविष्य में परेशान नहीं करने की एवज में सीआई ने दलाल शरीफखान वकील के जरिए 6.50 लाख रुपए की मांग कर परेशान कर रहे हैं। शिकायत पर 22 और 23 अप्रैल को सत्यापन कराया। इसमें आरोपी दलाल 3.50 लाख रुपए रिश्वत राशि लेने पर सहमत हो गया। इस पर बुधवार को 1 लाख रुपए सत्यापन के दौरान राजतालाब पुलिस थाना परिसर में परिवादिया से लिए।

### ट्रांसफर होने के बाद भी सीआई नहीं हुआ रिलीव

दूसरी ओर सीआई चारण की पुलिस के एक बड़े अफसर से इतने मजबूत संबंध है कि 15 जनवरी को थाने से उदयपुर जिले में तबादला होने के बावजूद वह अब तक रिलीव नहीं हुआ है। रिलीव नहीं होने का मुद्दा करीब 20 दिन पहले भी उठा था, लेकिन एक बार फिर से मामले को दबा दिया गया।

### परिवादी को कोर्ट का लेटर मिला था

परिवादी ने कोर्ट में बताया था कि राजतालाब पुलिस थाने से मेरे और परिजनों के विरुद्ध कोर्ट का संपत्ति कुर्की का पत्र प्राप्त हुआ। इसमें 25 मार्च तक कोर्ट में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए कहा गया। इस नोटिस में राजतालाब पुलिस ने मुझ पर यह आरोप लगाया था कि मैंने अवैध तरीके से संपत्ति खरीदी थी। जिसके मुकदमे मुझ पर दर्ज हैं।

### 15 साल से ब्यूटी पार्लर का काम करती है परिवादी

इस मामले में मैंने कोर्ट में अपना स्पष्टीकरण भी दिया। मेरे पर जो मुकदमे दर्ज हुए हैंए वह वर्ष 2019 के बाद के हैं। मैंने एक प्लॉट वर्ष 2012 में 1.25 लाख रुपए में खरीदा और इस पर वर्ष 2013 में निर्माण शुरू करवाया। दो मंजिला मकान से 6 हजार रुपए किराया आता है। पुलिस ने झूठ और मिथ्या तथ्य पेश किए। मैं 15 वर्षों से ब्यूटी पार्लर का काम कर रही हूं। मुझ पर जो 4 मुकदमे धमकाने और रुपए उधार देने के मामले से संबंधित है। इससे स्पष्ट है कि मैने रुपए देकर कोई अपराध नहीं किया है। ब्यूटी पार्लर से 60 हजार रुपए मासिक और शादी के सीजन में 2 लाख रुपए तक कमा लेती हूं। परिवादिया ने बताया कि उस पर धारा 107 बीएनएस की कार्रवाई करने के लिए पुलिस ने कोर्ट में इस्तगासा पेश कियाए जबकि उस पर दर्ज मुकदमे अभी कोर्ट में विचाराधीन है। इस मामले में परिवादी एक महिला है। इसके खिलाफ4 मामले दर्ज हैं। इसकी अन्य बहनों के खिलाफभी अलग.अलग पुलिस थानों में कई मामले दर्ज हैं।

### फरियादी के घर पहुंचा तो एसीबी ने दबोचा

सत्यापन में पुष्टि के बाद गुरुवार को आरोपी दलाल शरीफबाकी के 2.50 लाख रिश्वत राशि लेने परिवादी के घर पहुंचा। यहां एसीबी की टीम पहले से निगरानी रखे हुए थी। इस दौरान सीआई दिलीपसिंह के लिए रिश्वत राशि लेते दलाल को एसीबी ने पकड़ लिया। इसके बाद टीम रिजर्व पुलिस लाइन सीआई के क्वार्टर भी पहुंची। जहां तलाशी और अन्य कार्रवाई की प्रक्रिया चली। दोपहर को हुई ट्रैप की कार्रवाई के बाद एसीबी की टीम को सीआई की गिरफ्तारी दिखाने में रात 11 बज गए। एसीबी मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर जांच कर रही है।

## ओडीओपी ऑनलाईन पोर्टल पर पंजीयन प्रारंभ

**उदयपुर।** बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान, 2024 के तहत भारत सरकार के निर्देशानुसार राज्य की समस्त एक जिला-एक उत्पाद विनिर्माता इकाईयों का ऑनलाईन पंजीकरण किया जाना है। प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा ओडीओपी पंजीकरण की प्रक्रिया के लिए एक आवेदन पत्र राजस्थान सिंगल साइन ऑन एसएसओ पोर्टल पर ऑनलाईन कर दिया है। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि एक जिला - एक उत्पाद से संबंधित इकाईयों को प्रोत्साहित किए जाने हेतु राज्य सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई राजस्थान एक जिला एक उत्पाद नीति-2024 के तहत देय समस्त लाभ भी इसी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन दिये जाने प्रस्तावित है। एक जिला- एक उत्पाद अंतर्गत उदयपुर जिले से मार्बल एवं ग्रेनाइट उत्पाद को सम्मिलित किया गया है। ऑनलाईन पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदक का पासपोर्ट साइज फोटो, जाति प्रमाण पत्र, इकाई का पैन कार्ड, उत्पादन तिथि, प्रथम विक्रय बिल/वर्तमान विक्रय बिल, उद्यम रजिस्ट्रेशन, उत्पाद के फोटो आदि दस्तावेज आवश्यक है। शर्मा ने बताया कि एक जिला - एक उत्पाद योजनान्तर्गत नवीन सूक्ष्म उद्यमो को प्रोजेक्ट लागत का 25 प्रतिशत या अधिकतम 15 लाख रूपए मार्जिन मनी अनुदान, नवीन लघु उद्यमों को 15 प्रतिशत या अधिकतम 20 लाख रूपए मार्जिन मनी अनुदान तथा अनुसूचित जाति/जनजाति/विकलांग/ यंग उद्यमी जिनकी आयु 35 वर्ष से कम है उनको 5 लाख रूपए का अतिरिक्त मार्जिन मनी अनुदान दिया जाएगा। साथ ही एक जिला एक उत्पाद योजनान्तर्गत पात्र इकाईयों को तकनीक/सॉफ्टवेयर अर्जन हेतु योजना, गुणवत्ता प्रमाणन एवं मानकों हेतु सहायता योजना, बाजार सहायता हेतु योजना तथा ई-कॉमर्स प्रोत्साहन हेतु योजना का लाभ भी देय है।

## दर्शनों के लिए भीलवाड़ा श्रीसंघ पहुंचा बही पार्श्वनाथ तीर्थ

**भीलवाडा।** इस साल भीलवाड़ा चातुर्मास करने जा रहे श्रमण संघीय जैन दिवाकरीय मालव सिंहनी पूज्या कमलावती म.सा. की सुशिष्या महासाध्वी डॉ. कुमुदलता जी म.सा. आदि ठाणा 4 के दर्शनों के लिए भीलवाड़ा श्रीसंघ मन्दसौर के पास बही पार्श्वनाथ तीर्थ पहुंचे। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक समिति सुभाषनगर एवं चातुर्मास आयोजन समिति के तत्वावधान में होने वाले चातुर्मास से पूर्व महासाध्वी कुमुदलता म.सा., महासाध्वी महाप्रज्ञा म.सा. साध्वी पद्मकीर्तिजी म.सा., साध्वी राजकीर्ति जी म.सा. आदि ठाणा के दर्शन किए। श्रावक-श्राविकाओं ने उनसे जल्द से जल्द भीलवाड़ा पहुंचने की भावपूर्ण विनती की। महासाध्वी कुमुदलता म.सा. ने कहा कि भीलवाड़ा की पावनधरा पर 13 वर्ष के बाद फिर होने जा रहा चातुर्मास तप त्याग अनुष्ठान, साधना की दृष्टि से एतिहासिक होगा इसका हमे विश्वास है। भीलवाड़ा संघ इस चातुर्मास को सफ्ल बनाने के लिए समर्पित भाव से जुटा हुआ है। उन्होंने चातुर्मास आयोजन समिति सहित सभी लोगों के प्रति मंगलकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि हमे इस बात का प्रयास करना है कि वर्षावास में अधिकाधिक धर्मलाभ प्राप्त कर सके। इस दौरान आयोजित धर्म सभा को उद्बोधित करते हुए महासाध्वी महाप्रज्ञाजी म.सा. ने कहा कि मनुष्य भव सार्थक बनाने ओर 84 लाख योनियों का परिभ्रमण समाप्त करने के लिए जीवन में हम प्रतिदिन सामायिक की साधना अवश्य करे। धर्म की साधना करते हुए हम क्रोध मान, माया व लोभ जैसे कषायों से अपनी आत्मा को मुक्त करना है।

# सहकारी बैंक व सहकारिता विभाग के अधिकारियों की संभागीय बैठक आयोजित

## एनपीए को कम करने और दीर्घकालिक ऋण वितरण पर जोर

**उदयपुर।** उदयपुर संभाग के सहकारी बैंकों तथा सहकारिता विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक दी उदयपुर सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के प्रतापनगर स्थित प्रधान कार्यालय सभागार में दी राजस्थान स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के प्रबंध निदेषक संजय पाठक की अध्यक्षता में हुई। बैठक से पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के मद्देनजर बैंक प्रधान कार्यालय के बाहर शीतल जल प्याउ का उद्घाटन शीर्ष बैंक प्रबन्ध निदेशक तथा संभाग की अतिरिक्त रजिस्ट्रार गुंजन चौबे द्वारा किया गया। बैठक के प्रारंभ में उदयपुर सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के प्रबन्ध निदेशक अनिमेश पुरोहित ने गत वित्तीय वर्ष की उपलब्धियों का संक्षिप्त परिचय दिया तथा पैक्स कम्प्यूटराईजेषन योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 4 समितियों को प्रषस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उद्घाटन सत्र के दौरान ही तीन समितियों को माइक्रो ए.टी.एम. का वितरण किया गया। तीन काश्तकारों को गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 1 लाख रूपए के सांकेतिक चैक भी वितरित किए गए। पाठक ने संभाग के सभी सहकारी बैंकों के बिजनेस पेरामीटर्स की समीक्षा करते हुए एनपीए की राषि को न्यूनतम करने पर तथा अल्पकालीन ऋण के अतिरिक्त दीर्घकालीन कृषि एवं अकृषि ऋण वितरित करने पर जोर दिया।



उन्होंने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के दौरान सहकार से समृद्धि की सभी 54 पहलों पर विभाग की सभी संस्थाओं को कार्ययोजना बना कर कार्य करना चाहिए। बजट घोषणा के अन्तर्गत गोदाम निर्माण करवाकर समितियों की भंडारण क्षमता में वृद्धि की जाए। साथ ही साथ व्यवस्थापकों को अपने व्यवसाय अपना कर समिति की वित्तीय सक्षमता को सुदृढ करने के लिए भी प्रेरित किया जाए। पाठक ने पैक्स कम्प्यूटराईजेशन योजना पर चर्चा करते हुए गो-लाईव से शेष रही सभी समितियों को इसी माह के अन्त तक गो-लाईव करने हेतु निर्देशित किया। क्षेत्रीय अंकेक्षण अधिकारी आशुतोष भट्ट ने संभाग की समितियों की ऑडिट की अद्यतन प्रगति से अवगत करवाया। पाठक ने प्रगति पर संतोष जाहिर करते हुए वर्ष 2024-25 की ऑडिट नियमानुसार प्रस्ताव लेने हेतु सुझाव दिया। बैठक में उदयपुर संभाग के सभी सहकारी बैंकों के प्रबंध निदेशक, जिला ईकाईयों के उप रजिस्ट्रार, विशेष लेखा परीक्षक एवं डेयरी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मामले की उच्च स्तरीय जांच करने, दोषी पुलिस कर्मियों पर कारवाई की मांग को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन



**उदयपुर।** उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत आने वाली खेरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा 19 वर्षीय युवक अभिषेक मीणा को बिना किसी पूर्व सूचना के जबरन घर से उठा लिया गया। उसके बाद परिवार को बताया गया कि अभिषेक मीणा को एम बी हॉस्पिटल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती करना बताया। परिजनों के हॉस्पिटल पहुंचने पर पता चला कि युवक की हालत गंभीर है। उदयपुर देहात जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. संजीव राजपुरोहित ने बताया कि इस संबंध में उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी ने आज जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच उच्च अधिकारियों से करवाई जाएं, जिससे कि सच्चाई का पता चल सके। इसके साथ ही पीड़ित के बेहतर इलाज के लिए भी समुचित व्यवस्था करी जाए। इस दौरान उदयपुर देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी, उदयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष फतह सिंह राठौड़, ऋषभदेव ब्लॉक अध्यक्ष रूप लाल मीणा, महिला कांग्रेस की शांता प्रिंस, उदयपुर देहात जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. संजीव राजपुरोहित, देहात कांग्रेस महासचिव भूपेंद्र चौहान, देहात जिला सचिव कांतिलाल कलाल, धनपाल जैन, सुंदर लाल मीणा, खेरवाड़ा प्रधान पुष्पा देवी मीणा, नयागांव प्रधान कमला देवी परमार, महेंद्र डामोर, ब्लॉक कांग्रेस केरोल के प्रवक्ता गणेश लाल मीणा, ब्लॉक कांग्रेस ऋषभदेव के महामंत्री शांतिलाल, ब्लॉक कांग्रेस सचिव ललित कुमार मीणा, लक्ष्मण सिंह मीणा, पंकज कुमार मीणा, लक्ष्मी लाल सोनी सहित कई

# लू प्रबंधन, पेयजल व्यवस्था के प्रति रहें पूर्ण गंभीर : कलक्टर

## उपखण्ड अधिकारियों को सप्ताह में 2-3 दिन फील्ड विजिट के निर्देश, राजस्व अधिकारियों की बैठक

पल पल राजस्थान

**उदयपुर।** राजस्व अधिकारियों की मासिक बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में हुई। बैठक के प्रारंभ में जिला कलक्टर ने लू प्रबंधन, पेयजल व्यवस्था तथा चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्र में पेयजल व चिकित्सा व्यवस्था का फीडबैक लिया। इसमें कुछ स्थलों पर हैंडपंप बंद होने, नई मोटर के अभाव में नलकूप शुरू नहीं होने जैसी समस्याएं सामने आई। इस पर जिला कलक्टर ने पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता से जवाब-तलब करते हुए आगामी 30 अप्रेल तक सभी हैंडपंप शुरू कराने के निर्देश दिए।

### संवाद से सुलझती हैं समस्याएं

जिला कलक्टर ने कहा कि भीषण गर्मी के दौर में पेयजल सहित अन्य समस्याएं रहती हैं। इससे आमजन को परेशानी होती है। उस पर यदि विभाग या अधिकारियों के स्तर पर सही रेस्पॉस नहीं मिलता है तो लोगों की नाराजगी बढ़ती है। बेहतर यही है कि हम आमजन से नियमित संपर्क में रहते हुए संवाद कायम रखें। इससे क्षेत्र की समस्याएं भी समय पर मिलेगी और उनका निस्तारण भी त्वरित हो सकेगा। इसके अलावा यदि कोई बड़ी समस्या है जिसके निस्तारण में समय लग रहा हो तो संपर्क और संवाद से लोगों में विश्वास बना रहता है।



### राजस्व प्रकरणों पर चर्चा, दिए निर्देश

बैठक में जिला कलक्टर ने राजस्व प्रकरणों की भी समीक्षा की। अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने नामांतरण, भूमि आवंटन, पत्थरगढ़ी, भू रूपांतरण सहित विभिन्न प्रकरणों की उपखण्ड वार जानकारी साझा की। जिला कलक्टर ने न्यून उपलब्धि वालेअधिकारियों से जवाब लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के लिए भूमि आवंटन प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। बैठक में गिर्वा एसडीएम सोनिका कुमारी, गोगुन्दा एसडीएम शुभम् भैसारे सहित सभी उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता, सीएमएचओ डॉ अशोक आदित्य सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सभी अस्पतालों में चाक - चौबंद हों व्यवस्थाएं

जिला कलक्टर ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र के सभी अस्पतालों का दौरा कर वहां पेयजल, दवाइयों की उपलब्धता आदि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भामाशाहों से संपर्क कर अस्पतालों में शीतल जल की व्यवस्था की जा सकती है।

### पंचायत समिति स्तर पर हैंडपंप पाइप के लिए टेण्डर

बैठक में बंद पड़े हैंडपंप को दुरूस्त कराने में पाइप की कमी की समस्या सामने आई। इस पर जिला कलक्टर ने सभी उपखण्ड अधिकारियों को पंचायत समिति से समन्वय कर प्रत्येक पंचायत समिति में एक-एक लाख रूपए के पाइप की खरीद के लिए टेण्डर प्रक्रिया कराने के निर्देश दिए। ताकि संबंधित क्षेत्र में समय रहते हैंडपंप दुरूस्त कराते हुए आमजन को राहत प्रदान की जा सके।

# पहलगाम हमला याद दिलाता है कि आतंकवाद वैश्विक खतरा : धनखड़

## लोगों से की राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता देने की अपील

**चेन्नई,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को अपने एक बयान में कहा कि पहलगाम आतंकी हमला इस बात की याद दिलाता है कि आतंकवाद वैश्विक खतरा है, जिसका समाधान मानवता को एकजुट होकर करना होगा। उन्होंने लोगों से राजनीतिक, व्यक्तिगत और अन्य हितों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता देने की अपील की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे शांतिप्रिय देश है और इसकी सभ्यता की भावना वसुधैव कुटुम्बकम (दुनिया को एक परिवार के रूप में देखने का सिद्धांत) में परिलक्षित होती है, पूरी दुनिया अब इसे मान रही है। उपराष्ट्रपति ने आतंकी हमले में मारे गए लोगों की याद में मौन रखा। उपराष्ट्रपति ने तमिलनाडु के राजभवन में आयोजित राज्य, केंद्रीय और निजी विश्वविद्यालयों के दो दिवसीय कुलपति सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में

**राज्य, केंद्रीय व निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को किया संबोधित**



मानवता को एकजुट होकर करना होगा आतंकवाद का समाधान : जगदीप धनखड़

बोलते हुए कहा कि हमने इस सम्मेलन के आरंभ में मौन रखा। मैं पहलगाम में हुए जघन्य हमले पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त करने में राष्ट्र के साथ हूं, जिसमें निर्दोष लोगों की जान चली गई। तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि और कुलपतियों ने भी 22 अप्रैल को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों की याद में एक मिनट का मौन रखा। पूर्व आर्मी चीफ शंकर रॉय चौधरी ने पहलगाम की घटना को खुफिया विफलता करार दिया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले में पाकिस्तान और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की भूमिका है। रिटायर्ड जनरल शंकर रॉय चौधरी ने कहा कि इतनी संख्या में आतंकवादी सीमापार कैसे आ गए, इसकी जांच होनी चाहिए। बीती 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की नृशंस तरीके से हत्या कर दी। घटना में पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा से जुड़े संगठन टीआरएफ का हाथ बताया जा रहा है। भारत सरकार ने भी इस मामले में कड़ा रुख अपनाया है और पाकिस्तान के साथ साल 1960 में हुए सिंधु जल समझौते को स्थगित कर दिया है।

### अब आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई का इंतजार : अधीर रंजन



**कोलकाता।** कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने शुक्रवार को पहलगाम हमले के संदर्भ में कहा कि जिस तरह से पर्यटकों को मौत के घाट उतारा गया है, उससे यह साफ जाहिर होता है कि हमला करने वाले लोग हैवान थे। उन्होंने आतंकवादियों पर पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। अधीर रंजन चौधरी ने इस बात पर बल दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार कह रहे हैं कि पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों को मौत के घाट उतारने वालों से प्रतिशोध लिया जाएगा। हम भी अब इसी बात का इंतजार कर रहे हैं कि वह दिन कब आएगा। हम केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि निर्दोष लोगों को मारने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी जंग कई वर्षों से चली आ रही है। इस जंग में हमें जीत दर्ज करनी होगी। यह जंग कोई नई नहीं है। यह जंग लंबे समय से चली आ रही है। हर मजहब के लोग आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहे हैं।

## पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**पटना,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगाम आतंकी हमला अभी शांत नहीं हुआ कि पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पटना व्यवहार न्यायालय परिसर में आरडीएक्स जैसे शक्तिशाली बम के प्लांट होने की बात वाला ईमेल मिलने के बाद शुक्रवार को प्रशासन ने न्यायालय को पुलिस छावनी में तब्दील कर सघन तलाशी ली। व्यवहार न्यायालय के ईमेल पर शुक्रवार पूर्वाह्न 11 बजकर 46 मिनट पर प्राप्त मैसेज के बाद प्रशासन को सूचना दी गई। न्यायालय प्रशासन ने इस संबंध में बार एसोसिएशन को भी सूचना भेजी। सूचना मिलने के बाद नगर पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी)-2 दीक्षा स्वयं मौके पर पहुंची। साथ ही एन्टी टेरेरिस्ट स्क्वाड और बम निरोधक दस्ता को भी बुलाया गया। भारी संख्या में अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किए गए। ईमेल मिलने के बाद न्यायालय परिसर के अंदर जाने वाले लोगों को रोक दिया गया और फिर धीरे-धीरे सभी न्यायिक पदाधिकारियों, वकीलों एवं कर्मचारियों को परिसर से बाहर निकाला गया। न्यायालय के तीनों द्वार पर प्रत्येक व्यक्ति की मेटल डिटेक्टर से तलाशी ली गई। पुलिस ने पूरे न्यायालय परिसर की भी बम डिटेक्टर और डॉग स्क्वॉड के द्वारा जांच की। गौरतलब है कि शुक्रवार को न्यायालय प्रशासन को एक ईमेल प्राप्त हुआ, जिसमें न्यायालय परिसर में शक्तिशाली आरडीएक्स बम प्लांट होने की बात कही गई थी। इससे कुछ दिनों पूर्व पटना उच्च न्यायालय में भी बम प्लांट किए जाने की भी खबर मिली थी, जिसके बाद पटना उच्च न्यायालय की भी सघन तलाशी ली गई थी। बता दें कि पहलगाम हमले के बाद मिली इस धमकी को पुलिस काफी गंभीरता से ले रही है।

## देशभर में की जाए कैबिनेट मंत्रियों की तैनाती : उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने हाल की घटनाओं के मद्देनजर तथा देश के विभिन्न भागों में रहने वाले यहां के छात्रों और व्यापारियों में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने के लिए शुक्रवार को भारत भर के प्रमुख शहरों में कैबिनेट मंत्रियों को तैनात करने का निर्देश दिया। पहलगाम के प्रसिद्ध रिसॉर्ट के पास सुरम्य बैसरन घास के मैदान में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद देश के विभिन्न भागों में छात्रों सहित उत्पीड़न और हमलों की कई रिपोर्टें आई हैं। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार के इन वरिष्ठ प्रतिनिधियों को संबंधित राज्य सरकारों में अपने समकक्षों के साथ निकट समन्वय स्थापित करने का काम सौंपा गया है। उनका कार्य जम्मू-कश्मीर के निवासियों की सुरक्षा, सम्मान और भलाई सुनिश्चित करना है, जो हाल की घटनाओं के मद्देनजर संकट, चिंता या असुरक्षा का सामना कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, हमारे छात्रों और व्यापारियों में सुरक्षा की भावना पैदा करने के उद्देश्य से मैंने अपने कैबिनेट मंत्रियों को देश भर के विभिन्न शहरों में भेजा है। इन यात्राओं का उद्देश्य संबंधित राज्य सरकारों के साथ प्रयासों का समन्वय करना और जम्मू-कश्मीर के निवासियों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करना है।



■ जम्मू-कश्मीर के निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

उन्होंने जम्मू-कश्मीर की क्षेत्रीय सीमाओं से परे अपने नागरिकों के कल्याण के लिए प्रशासन की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार अपने लोगों के साथ हर जगह खड़ी रहेगी। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा गुरुवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें देश भर की विभिन्न राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों से कश्मीरियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। जम्मू-कश्मीर छात्र संघ (जेकेएसए) ने देश के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले क्षेत्र के छात्रों से घर के अंदर रहने, सार्वजनिक टकराव से बचने और ऑनलाइन भड़काऊ या राजनीतिक सामग्री में शामिल होने से बचने का आग्रह किया है।

## सार संक्षेप

### कस्तूरीरंगन के निधन पर राहुल ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष पद्म विभूषण डॉ. के कस्तूरीरंगन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। गांधी ने कहा कि इसरो के पूर्व अध्यक्ष भारत की अंतरिक्ष प्रगति के महत्वपूर्ण स्तंभ कस्तूरीरंगन के निधन से दुखी हूं। उनका दूरदर्शी नेतृत्व विज्ञान और अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। उनके परिवार, सहकर्मियों और प्रियजनों के प्रति हार्दिक संवेदना

### प्रशांत किशोर की बिहार बदलाव यात्रा 20 मई से

**जमुई।** जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर की बिहार बदलाव यात्रा की शुरुआत लोकनायक जय प्रकाश नारायण की जन्मभूमि सिताबदियारा से 20 मई से शुरू होगी। जन सुराज उद्घोष यात्रा के तहत किशोर शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर जमुई पहुंचे। जमुई में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने बड़ा ऐलान किया कि 20 मई को जय प्रकाश नारायण (जेपी) की जन्मभूमि सिताबदियारा से 'बिहार बदलाव यात्रा' की शुरुआत होगी।

### गुजरात ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में पाई सफलता

**गांधीनगर।** गुजरात ने तेज आर्थिक विकास के साथ मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि दुनियाभर के देशों के लिए जब महंगाई एक बहुत ही बड़ी समस्या बनी हुई है, तब भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुजरात ने तेज आर्थिक विकास के साथ मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है।

### एआईएमआईएम ने हैदराबाद स्थानीय प्राधिकरण एमएलसी चुनाव जीता

**हैदराबाद।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन उम्मीदवार मिर्जा रियाज उल हसन इफेंडी ने हैदराबाद स्थानीय प्राधिकरण एमएलसी चुनाव में भाजपा उम्मीदवार एन गौतम राव को हराया है। शुक्रवार को यहां जीएचएमसी पंवार हॉल में हुई मतगणना में एआईएमआईएम उम्मीदवार ने 63 वोट हासिल किया, जबकि भाजपा उम्मीदवार को 25 वोट मिले। हैदराबाद स्थानीय प्राधिकरण एमएलसी निर्वाचन क्षेत्र के लिए बुधवार को मतदान हुआ, जिसमें कुल 112 मतदाता थे और 78 प्रतिशत मतदान हुआ। इनमें से पदेन सदस्यों, विधायकों और अन्य सहित 88 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। संख्या की कमी के कारण कांग्रेस और बीआरएस चुनाव से दूर रहे। तेलंगाना में इस सीट के लिए पिछला चुनाव सर्वसम्मति से हुआ था।

## 12 जून को सिंचाई के लिए खोला जाएगा मेट्टूर बांध

**चेन्नई,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा में घोषणा की कि मेट्टूर बांध के स्लुइस गेट 12 जून को सिंचाई के लिए खोले जाएंगे। यह घोषणा कावेरी डेल्टा जिलों में कुरुवई धान की खेती के लिए समय पर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मेट्टूर बांध का पानी डेल्टा क्षेत्र के किसानों के लिए उनकी फसलों की खेती के लिए जीवन रेखा है। मंत्री ने कहा कि तैयारियों के हिस्से के रूप में 12 जिलों में 5,021 किलोमीटर लंबी सिंचाई नहरों से गाद निकालने का काम योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है और यह पहले से ही प्रगति पर है। दुरैमुरगन ने कहा कि विशेष ड्रेजिंग परियोजना के तहत 98 करोड़ रुपए की राशि आबंटित की गई है। गाद निकालने का काम जारी है और मई के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। बांध का समय पर खुलना हजारों किसानों के लिए महत्वपूर्ण है, जो अपनी फसलों के लिए कावेरी के पानी पर निर्भर हैं। सरकार की प्रारंभिक तैयारी और धन आबंटन का उद्देश्य बांध के खुलने के बाद नहरों के माध्यम से सुचारू जल प्रवाह सुनिश्चित करना है। कावेरी नदी पर बना मेट्टूर बांध मध्य और दक्षिणी तमिलनाडु में कृषि गतिविधियों के लिए जीवन रेखा है। गाद निकालने का काम जोरों पर है और सरकार ने मई के अंत तक इसे पूरा करने का आश्वासन दिया है। यह घोषणा मौसमी जल छोड़े जाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे किसानों के लिए राहत की बात है।

### बिहार में भूमि सर्वे के बीच नीतीश कैबिनेट का बड़ा फैसला

# मौखिक सहमति से हुए बदलैन को दी गई मान्यता

**पटना,** बिहार सरकार ने भूमि सर्वेक्षण कार्य को और सरल, पारदर्शी एवं सुविधाजनक बनाने के लिए मौखिक सहमति के आधार पर पहले से जमीन के किए गए बदलैन (अदला-बदली) को भी शुक्रवार को मान्यता दे दी। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) डॉ. एस. सिद्धार्थ ने शुक्रवार संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में यहां मंत्रिपरिषद की हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को लागू करने के लिए बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त (संशोधन) नियमावली, 2025 की स्वीकृति दे दी।

डॉ. सिद्धार्थ ने कहा कि राज्य में बिहार विशेष सर्वेक्षण और बंदोबस्त अधिनियम, 2011 के तहत रैयती और अन्य प्रकार की जमीन का नया रिकॉर्ड (खतियान) और नक्शा तैयार किया जा रहा है। सर्वेक्षण के दौरान यह महसूस किया गया कि इस कार्य




■ नीतीश कैबिनेट ने प्रस्ताव पर लगाई मुहर

को पूरी तरह से सही, पारदर्शी और तेजी से करने के लिए मौखिक सहमति के आधार पर पहले से किए गए जमीन के बदलैन को भी मान्यता दी जानी चाहिए। एसीएस ने कहा कि इसके आलोक में बिहार विशेष सर्वेक्षण और बंदोबस्त नियमावली, 2012 में संशोधन कर इसे शामिल करने के लिए 'बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त (संशोधन) नियमावली, 2025' को मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक बुलाई थी। बैठक में नीतीश कैबिनेट ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। कई विभागों में सरकार ने नए पद सृजित किए हैं। यानि बिहार के नौजवानों के लिए अच्छी खबर है। राज्य सरकार सरकारी नौकरी देने को लेकर नए-नए पद सृजित कर रही है।

नीतीश कैबिनेट की बैठक में कुल 34 एजेंडों पर मुहर लगी है। नगर विकास विभाग में एकीकृत शहरी अभियंत्रण संगठन के 71 कार्यालयों के सुचारू रूप से संचालन के लिए 663 विभिन्न कोटि के गैर तकनीकी पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। इस पर प्रतिवर्ष 35 करोड़ 27 लाख 48 344 रुपए खर्च होंगे। महाधिवक्ता कार्यालय में 34 स्थाई पद तथा संविदा आधारित 6 पद कुल 40 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में अपर जिला भू अर्जन पदाधिकारी के 104 पद एवं राजस्व अधिकारी सह कानूनगो (भू अर्जन) के 81

### बिहार सरकार बिजली बिल पर 15995 करोड़ का देगी अनुदान

पटना। बिहार सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में लोगों को उनके बिजली पर 15995 करोड़ रुपए का अनुदान देगी। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राज्य सरकार ने 'मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना' के तहत बिजली उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट बिजली पर दी जाने वाली सब्सिडी के लिए कुल 15,995 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। यह राशि अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक हर महीने 1,332.92 करोड़ रुपये की दर से दी जाएगी। यह पूरा भुगतान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के माध्यम से सीधे एनटीपीसी लिमिटेड को किया जाएगा।

## अनुच्छेद 370 निरस्त करने से भी आतंकवाद का खात्मा नहीं हो सका : माणिक सरकार

**अगरतला,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री माणिक सरकार ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग करते हुए और केंद्र सरकार की आलोचना की है कि अनुच्छेद 370 निरस्त करने के बाद से भी केन्द्रशासित प्रदेश से आतंकवाद का खात्मा नहीं हो सका। सरकार ने कहा कि केंद्र का दुष्प्रचार निर्दोष लोगों की जान जोखिम में डाल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी अपील की 22 अप्रैल के हमले के दौरान स्थानीय खच्चरवाले सैयद आदिल हुसैन शाह के बलिदान को नहीं भुलाया जाना चाहिए। सैयद को आतंकियों का सामना करने और पर्यटकों की रक्षा करने की कोशिश करते समय कथित तौर पर गोली मार दी गई थी। पूर्व मुख्यमंत्री सरकार ने इस आतंकवादी हमले को वर्ष 2019 के पुलवामा हमले जैसा ही बताते हुए याद दिलाया कि उस समय भी सरकार ने 40 जवानों की मौत के बाद जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का खात्मा करने का वायदा किया था।

**निर्दोष लोगों की जान जोखिम में डाल रहा केंद्र का दुष्प्रचार**



■ पहलगाम हमले को लेकर की केंद्र सरकार की आलोचना

### घाटी में खुफिया निगरानी तंत्र पर उठाए सवाल

वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री माणिक सरकार ने पूछा कि फिर भी हमले होते रहते हैं। अगर आतंकवाद वास्तव में खत्म हो गया है तो ऐसी घटनाएं पुनरावृति कैसे हो रही हैं। उन्होंने घाटी में सुरक्षा और खुफिया निगरानी तंत्र पर भी सवाल उठाए। केन्द्र पर 'राष्ट्रीय सुरक्षा' को राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए सरकार ने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को 'मास्टरस्ट्रोक' बताया गया, लेकिन स्थिति और खराब ही हुई है। लोग पहले से कहीं ज़्यादा असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

## त्रिपुरा में बांग्लादेश के झंडे को लेकर दो लोग हिरासत में

**अगरतला,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। अगरतला के जॉयपुर क्षेत्र में गुरुवार रात को एक ऑटो रिक्शा पर बांग्लादेश का राष्ट्रीय ध्वज देखे जाने के बाद स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। प्रदर्शनकारियों ने ऑटो रिक्शा पर बांग्लादेश के झंडे को देखकर आपत्ति जताई और तुरंत पुलिस को सूचित किया।

पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दो लोगों को हिरासत में ले लिया और आगे की जांच शुरू कर दी। यह घटना अगरतला में सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के प्रयासों के बीच हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बटाला मार्केट के चाय विक्रेता दुलाल मिया (62) के रिक्शा के पिछले हिस्से पर झंडा पेंट किया हुआ था। स्थानीय लोगों ने रिक्शा चालक से इस बारे में पूछा तो उसने स्पष्ट किया कि उसने एक सप्ताह पहले ही वाहन किराए पर लिया था और जब तक आपत्ति नहीं जताई गई, तब तक उसे झंडे के बारे में पता नहीं था।

## ब्राह्मणों पर विवादित बयान देकर बुरे फंसे अनुराग कश्यप

**सूरत,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। ब्राह्मणों पर किए गए विवादित बयान को लेकर फिल्म निर्माता-निर्देशक अनुराग कश्यप ने भले ही माफी मांग ली हो, मगर उनकी मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। देश भर में विरोध के बाद अब सूरत की ज्युडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास (जेएमएफसी) कोर्ट ने अनुराग के खिलाफ नोटिस जारी कर पेश होने का आदेश दिया है। सूरत की जेएमएफसी कोर्ट ने अनुराग के खिलाफ नोटिस जारी कर 7 मई को कोर्ट में हाजिर होने का आदेश दिया है। यह नोटिस ब्राह्मण समाज की ओर से सूरत के वकील कमलेश रावल की शिकायत के बाद जारी की गई है। कोर्ट में शिकायत करने वाले एडवोकेट कमलेश रावल ने अनुराग कश्यप के सोशल मीडिया पोस्ट और माफीनामे को सबूत के तौर पर कोर्ट में पेश किया। कमलेश रावल ने बताया, हाल ही में अनुराग कश्यप ने सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज के खिलाफ भद्दा कमेंट किया था। आदित्य दत्ता नाम के व्यक्ति ने जब कश्यप को यह सब न कहने के लिए कहा तो उन्होंने गाली देकर विवादित टिप्पणी की।

मैंने मामले की शिकायत की है, जिसे लेकर अनुराग कश्यप को सात मई को कोर्ट में हाजिर होने के लिए नोटिस दिया गया है। 7 मई को अनुराग कश्यप या उनके वकील को कोर्ट में हाजिर होना है। यदि वह कोर्ट में हाजिर नहीं होते हैं तो कोर्ट एकतरफा फैसला सुना सकता है।



सूरत कोर्ट ने जारी किया नोटिस

### तैयारी | पहलगाम नरसंहार का बदला लेने की तैयारी में जुटी भारतीय सेना

# आतंकी प्रशिक्षण शिविरों को तबाह करने के सुझाए जा रहे विकल्प

**जम्मू,** पहलगांव नरसंहार का बदला लेने की खातिर भारत, पाकिस्तान पर हमला बोलेगा परंतु सिर्फ आतंकी प्रशिक्षण केंद्रों पर। हालांकि वह इस हमले के परिणामों से भली-भांति अवगत है जिस कारण वह सीमाओं पर सुरक्षा प्रबंध मजबूत करने के लिए सेना को तैनात करने लगा है।

वैसे पाकिस्तान द्वारा सीमाओं पर सेना का जमावड़ा करने की पहल की गई है क्योंकि वह जानता है कि भारत पहलगांव में हुए हमले का बदला अवश्य लेगा। उच्च पदस्थ रक्षा सूत्रों के मुताबिक, सीमाओं पर फौजों तथा सैनिक साजों सामान की तैयारी हालांकि किसी जंग की खातिर नहीं है बल्कि हमले का बदला लेने के लिए की जाने वाली जवाबी कार्रवाई के बाद पाकिस्तान की ओर से जिस युद्ध को छेड़े जाने की संभावना है, उसका मुकाबला करने के लिए है। रक्षा सूत्रों के अनुसार, पाक कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवाद के ट्रेनिंग कैम्पों पर हमला करने की खातिर भारतीय सेना ने पूरी तैयारी कर ली है।

हालांकि एक सूत्र के अनुसार, ट्रेनिंग कैम्पों पर हमला करने तथा उसके परिणामों से देश को बचाने की खातिर की जाने वाली तैयारियों के लिए भारतीय सेना ने 20 से 30 दिनों का समय मांगा है और यह संभावना बढ़ती जा रही है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के बाद हमले का आगाज हो सकता है। रक्षाधिकारियों के अनुसार, पाक कब्जे वाले कश्मीर में स्थित ट्रेनिंग कैम्पों पर प्रहार करने की खातिर जो तैयारियां आरंभ की गई हैं उनमें पृथ्वी जैसी मिसाइलों की तैनाती से लेकर बोफोर्स तोपों की तैनाती भी होगी ही सेना की कई कमांडों यूनिटों को भी इसके लिए तैयार रहने को कहा गया है जिन्हें उनके टास्क के बारे में पूरी जानकारी दे दी गई है। फिलहाल यह सुनिश्चित नहीं है कि आतंकी प्रशिक्षण केंद्रों पर हमले के लिए सभी विकल्पों का एकसाथ इस्तेमाल होगा या फिर बारी-बारी से उनका प्रयोग किया जाएगा। इन ट्रेनिंग कैम्पों पर हमला कर उन्हें तबाह करने के लिए जो विकल्प सुझाए जा रहे हैं उनमें सबसे प्रमुख जमीन से जमीन पर मार करने वाले मिसाइलों का इस्तेमाल तो है ही कमांडो रेड भी शामिल हैं। हालांकि सेनाधिकारियों का विचार है कि सबसे पहले भारत को बिना एलओसी को लांघे ट्रेनिंग कैम्पों को तबाह करने की कोशिश करनी होगी जिसके लिए मिसाइलों तथा बोफोर्स तोपों का इस्तेमाल ही सबसे बेहतर माना जा रहा है। यही नहीं, मिसाइलों तथा बोफोर्स तोपों के बाद कमांडो रेड तथा हवाई हमलों के विकल्प को भी खुला रखा गया है।

इन दोनों विकल्पों का इस्तेमाल उसी स्थिति में किया जाएगा जब पहले वाले दो विकल्पों से जो ट्रेनिंग शिविर बच जाएंगे उन्हें नष्ट करने की खातिर।



■ पाक की जवाबी कार्रवाई को रोकने के लिए होगी सेना की तैनाती

स्वत्वाधिकार प्रकाशक, संपादक संजय कुमार चौबीसा द्वारा 20ए न्यू विद्यानगर हिरण मगरी सेक्टर 4 उदयपुर 313002 (राज.) से प्रकाशित एवं मुद्रक विजय अरोड़ा द्वारा मैसर्स न्यूट्रेक ऑफसेट एवं प्रिंटर्स 13, भोपा मगरी, हिरण मगरी सेक्टर-3 उदयपुर से मुद्रित। फोन : 9024464356 Mail- Palpalrajasthan8@gmail.com

# पल पल राजस्थान

हर पल की खबर


प्रदेश का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

# पल पल राजस्थान

वर्ष : 2 RAJHIN/2021/81855 कुल पृष्ठ : 4 मूल्य : 5 रु. हर पल की खबर


facebook

https://www.facebook.com/palpalrajasthannews/

YouTube

https://www.youtube.com/channel/UC7p9DxdST-1wvxPMtFiPOQNw

Instagram

instagram.com/pal-palrajasthannews

Gmail

palpalrajasthan8@gmail.com

**Whatsaap No.**

9024464356, 9001259073, 96729 79379